अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

06 DEC. 2023

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams



**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **5 दिसंबर - विश्व मृदा दिवस**




- विश्व मृदा दिवस हर साल 5 दिसंबर को मनाया जाता है।
- उद्देश्य - स्वस्थ मिट्टी को बनाए रखने के महत्व को उजागर करना और मिट्टी के संसाधनों के टिकाऊ प्रबंधन की वकालत करना।
- 2023 के लिए थीम - मिट्टी और पानी, जीवन का स्रोत
- अंतर्राष्ट्रीय मृदा विज्ञान संघ (IUSS) ने 2002 में मिट्टी का जश्न मनाने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस स्थापित करने की सिफारिश की।
- दिसंबर 2013 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 दिसंबर 2014 को प्रथम आधिकारिक विश्व मृदा दिवस के रूप में नामित किया।

2. **गीतिका कौल सियाचिन में तैनात होने वाली भारतीय सेना की पहली महिला चिकित्सा अधिकारी बनी**



- स्नो लेपर्ड ब्रिगेड की कैप्टन गीतिका कौल ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में तैनात होने वाली भारतीय सेना की पहली महिला चिकित्सा अधिकारी बनकर इतिहास रच दिया है.
- इससे पहले उन्होंने प्रतिष्ठित सियाचिन बैटल स्कूल में इंडक्शन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया था.

3. **रेवंत रेड्डी होंगे तेलंगाना के अगले मुख्यमंत्रीः राहुल गांधी ने मुहर लगाई**



- रेवंत रेड्डी ने अपने राजनीति की शुरुआत ABVP से की।
- इसके बाद वे TDP फिर कांग्रेस में शामिल हो गए।
- वे फिलहाल तेलंगाना कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और मल्काजगिरी से सांसद भी हैं।
- कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी तेलंगाना के मुख्यमंत्री होंगे। राहुल गांधी ने उनके नाम पर मुहर लगा दी है। राहुल ने कहा कि रेवंत रेड्डी को तेलंगाना में सीएम पद के लिए चुना गया है।
- रेवंत रेड्डी तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद हैं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद रेवंत रेड्डी को तेलंगाना का डीके शिवकुमार कहा जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के खिलाफ कामारेड्डी और कोडंगल सीट से चुनाव लड़ा था। कामारेड्डी सीट से उन्हें भाजपा नेता के वेंकट रमन्ना रेड्डी ने हरा दिया। वहीं, कोडंगल सीट से उन्होंने जीत दर्ज की।

4. **दिल्ली पहुंचे केन्या के राष्ट्रपति विलियम सोमाई रूटो**



- 4 दिसंबर को केन्या के राष्ट्रपति विलियम सोमाई रूटो तीन दिन की यात्रा पर भारत पहुंचे। ये रूटो की पहली भारत यात्रा है।
- 6 सालों बाद केन्या से कोई राष्ट्रपति भारत दौरे पर आए हैं।
- केन्या के राष्ट्रपति ने दिल्ली में राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी दी।
- रूटो ने कहा कि केन्या भी भारत के प्रधानमंत्री मोदी के 'ग्लोबल साउथ' के एजेंडे पर कायम है।
- ग्लोबल साउथ में अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के विकासशील, कम विकसित और सबसे कम विकसित देश आते हैं।
- ग्लोबल साउथ की कोई जियोग्राफिकल डेफिनिशन नहीं है। इस समूह के ज्यादातर देश अंग्रेजों के उपनिवेश रह चुके हैं।
- ग्लोबल साउथ टर्म पहली बार 1969 में अमेरिकी राइटर कार्ल ओग्लेस्बी ने दिया था।

**5. मिलान-2024 में तैनात होंगे INS विक्रमादित्य, INS विक्रांत**



- भारतीय नौसेना ने 2024 में विशाखापट्टनम में होने वाली इंटरनेशनल नेवल एक्सरसाइज में दो एयरक्राफ्ट कैरियर - INS विक्रमादित्य, INS विक्रांत को तैनात करने का फैसला लिया है।
- अगले साल पूर्वी समुद्र तट पर 19 से 27 फरवरी के बीच मल्टीलेटरल नेवल एक्सरसाइज (MILAN-24) का आयोजन होगा।
- भारतीय नौसेना की ईस्टर्न नेवल कमांड इस फ्लैगशिप एक्सरसाइज का आयोजन करेगी।
- इस एक्सरसाइज में करीब 50 देशों के प्रतिनिधि शामिल हो सकते हैं।
- MILAN-24 में US, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, बांग्लादेश, साउथ कोरिया, वियतनाम, इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे देशों की नेवी हिस्सा लेगी।

**6. दुनिया का पहला पोर्टेबल अस्पताल, 'आरोग्य मैत्री एड क्यूब' का अनावरणा गुरुग्राम में किया**



- दुनिया का पहला पोर्टेबल अस्पताल, 'आरोग्य मैत्री एड क्यूब' का अनावरणा गुरुग्राम में किया गया।
- प्रोजेक्ट 'भीष्म' के तहत स्वदेशी रूप से डिज़ाइन किया गया, मॉड्यूलस आघात प्रबंधन और सहायता प्रणाली 72 अलग करने योग्य मिनी-क्यूब्स से बना है, प्रत्येक आपातकालीन प्रतिक्रिया और मानवीय प्रयासों के लिए एक विशेष स्टेशन है।
- यह गोली लगने की चोट, जलने, सिर, रीढ़ की हड्डी और छाती की चोट, छोटी सर्जरी, फ्रैक्चर और बड़े रक्तस्राव को संभाल सकता है।
- यह 200 से अधिक रोगियों का इलाज कर सकता है।
- ये क्यूब्स हल्के और पोर्टेबल हैं, और इन्हें एयरड्रॉप से लेकर ग्राउंड ट्रांसपोर्टेशन तक कहीं भी तेजी से तैनात किया जा सकता है।

**7. अहमदाबाद में खादी माटीकला महोत्सव का किया उद्घाटन किया**




- अभी हाल ही में गुजरात के अहमदाबाद में खादी माटी कला महोत्सव 2023 क उद्घाटन किया गया।
- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अहमदाबाद में खादी माटी कला महोत्सव 202 का उद्घाटन किया गया।
- इस कार्यक्रम का आयोजन अहमदाबाद के सायंस सिटी में खादी और ग्रामोद्यो आयोग द्वारा कराया गया था।
- इस अवसर पर 300 कुम्हारों को विद्युत चालित चाक, 200 खादी कारीगरों को देश चरखा, 100 लाभार्थियों को टूलकिट्स एवं मशीनरी, पीएमईजीपी के अंतर्गत देशभ के 4458 लाभार्थियों को 200 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी, केरल के कुहूर नवीनीकृत केंद्रीय पूनी संयंत्र (सीएसपी) और अहमदाबाद में नवनिर्मित 8 डाकघरों क ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया।

**8. वैशाली रमेशबाबू भारत के 84 वें ग्रांडमास्टर बनी**




- हाल ही में वैशाली रमेशबाबू भारत के 84 वें ग्रांडमास्टर बन गए हैं।
- वैशाली रमेशबाबू स्टार ग्रैंडमास्टर आर. प्रग्गनानंद की बहन हैं।
- उन्होंने यह खिताब जीतकर शतरंज में प्रतिष्ठित ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाले पहले भाई-बहन की जोड़ी के रूप में इतिहास रचा।

- 22 साल की वैशाली ने स्पेन में IV El लोब्रेगेट ओपन के दौरान 256 FIDE रेटिंग को पार करते हुए ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल किया।
- इस उपलब्धि के साथ, वैशाली भारतीय शतरंज में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए भारत की तीसरी महिला ग्रैंडमास्टर बन गई हैं।
- आर. प्रग्गनानंद भारत के 52 वें ग्रैंडमास्टर हैं।

**9. "रिज़" शब्द को वर्ष 2023 का ऑक्सफोर्ड वर्ड ऑफ द ईयर चुना गया**




- अक्सर मशहूर हस्तियों और अन्य प्रसिद्ध हस्तियों के साथ जुड़े रहने वाले "रिज़" को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने वर्ष के अपने शब्द के रूप में चुना है।
- यह एक ऐसा शब्द है जिसे जेन ज़ेड ने मुख्य रूप से अपनाया है, और इसने "प्रॉम्प्ट," "सिचुएशनशिप" और "स्विफ्टी" जैसे शब्दों को पछाड़ दिया है, जिन पर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा विचार किया गया था, जो ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी प्रकाशित करता है।
- जबकि मरियम-वेबस्टर का वर्ष का शब्द "प्रामाणिक" था, रिज़ भी विचाराधीन था। कोलिन्स डिक्शनरी ने नवंबर में वर्ष के अपने शब्द के रूप में "कृत्रिम बुद्धिमत्ता" को चुना

**10. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया**



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में स्थित राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया.
- साथ ही वह नौसेना दिवस 2023 पर आयोजित इवेंट में शामिल हुए.
- इंडियन नेवी के इतिहास को दिखाने के लिए, नौसेना दिवस के मौके पर एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया जहां शिवाजी महाराज के समकालीन जहाज के कई मॉडल बनाए गए थे.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. विश्व मृदा दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**
(a) 3 दिसंबर
(b) 4 दिसंबर
(c) 5 दिसंबर
(d) 6 दिसंबर

**2. सियाचिन में तैनात होने वाली भारतीय सेना की पहली महिला चिकित्सा अधिकारी कौन बनी है?**
(a) गीतिका कौल
(b) आरती सिन्हा
(c) अनन्या ठाकुर
(d) आयुषी सिंह

**3. तेलंगाना के अगले मुख्यमंत्री कोन बनेंगे।**
(a) गद्दाम विवेक वेंकटस्वामी
(b) विनोद गद्दाम
(c) रेवंत रेड्डी
(d) इनमे से कोई नही

**4. Dec 2023 में किस देश के प्रधानमंत्री भारत के दौरे पर है।**
(a) केन्या
(b) आर्मेनिया
(c) तुर्किये
(d) चीन

**5. मिलान-2024 में कौन-कौन से एयरक्राफ्ट तैनात होंगे?**
(a) INS विक्रमादित्य
(b) INS विक्रांत
(c) INS तलवार
(d) (a) व (b) दोनों

**6. दुनिया के पहले पोर्टेबल हॉस्पिटल का उद्घाटन कहां किया गया?**
(a) गुरुग्राम
(b) चेन्नई
(c) अहमदाबाद
(d) बेंगलुरु

**7. निम्न में से किस स्थान पर खादी माटीकला महोत्सव का किया उद्घाटन किया गया?**
(a) अहमदाबाद
(b) नई दिल्ली
(c) लखनऊ
(d) हैदराबाद

**8. निम्न में से कौन भारत के 84 वें ग्रांडमास्टर बन गए हैं?**
(a) वैशाली रमेशबाबू
(b) हरिका द्रोणावल्ली
(c) सागर चौहान
(d) गौरव तिवारी

**9. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने किस शब्द को 2023 के लिए वर्ष का शब्द चुना है?**
(a) Peace
(b) Rizz
(c) Artificial Intelligence
(d) Situationship

**10. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया?**
(a) गोवा
(b) राजस्थान
(c) महाराष्ट्र
(d) हरियाणा

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (a) | (c) | (a) | (d) | (a) | (a) | (a) | (b) | (c) |